54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 13.9°c अधिकतम 26.1 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:51, सूर्यास्त - 6:14 | वर्ष : 54/ अंक : 53 | सोमवार, 23 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, सप्तमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

कभी भी परिस्थितियों का गुलाम मत बनो मेहनत और हिम्मत से उन्हें अपना गुलाम बनाओ !!

अखिलेश यादव अब राजनेता कम और पोगो चैनल के कैरेक्टर ज्यादा लगते हैं : मनीष शुक्ला



लोगों का मनोरंजन करना भी एक सेवा है....

# भाजपा की सत्ता में ही दबंग हुए भाईजान, बाल-बाल बची भाजपाइयों की जान

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** शनिवार की रात हनुमत् मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक बड़ी घटना घटित हुई, जिसमें एक मुस्लिम चालक अदनान द्वारा भाजपाईयों को घेरकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। दरअसल शहर कोतवाली क्षेत्र के कुन्दनपुरा निवासी अभिषेक गोयल अपने साथियों साथी दीपक, अनुज सैनी, आशु सैनी, सोरभ सैनी व एक अन्य के साथ दौराला में एक विवाह समारोह में गाड़ी करके गए थे। शाम को लगभग 5 बजे अदनान ने भाजपाईयों को जल्दी चलने के लिए कहा तो भाजपाईयों ने अदनान को रोजा खोलने के लिए 500 रुपये दिये और उसे समझाया कि वह रोजा यहीं खोल ले, उन्हें चलने में 15-20 मिनट लग जाएंगी। अदनान ने भाजपाईयों से 500 रुपये तो ले लिए मगर इसी बीच पूरा षड्यंत्र रचते हुए अपने परिचितों को फोन कर दिया कि वे इकट्ठा होकर मुजफ्फरनगर स्थित एटूजेड के निकट स्थित अंडर बाईपास पर मिलें। जैसे ही भाजपाईयों ने वापस नगर की सीमा में प्रवेश किया तो ड्राईवर अदनान बोला कि मुझे अंडर बाईपास पर कुछ काम है। यह कहते हुए वह भाजपाईयों को बरगलाता हुआ अंडर बाईपास में ले गया। वहां पहुंचते ही भाजपाईयों के होश फाख्ता हो गए क्योंकि पहले से ही मौजूद एक दर्जन से अधिक मुस्लिम समाज के लोग भाजपाईयों पर हमला करने के लिए तैयार खड़े थे। जैसे ही गाड़ी रुकी तो गाड़ी में से दो तीन भाजपाईयों को उतारकर उनकी जमकर लाठी-डंडों से पिटाई कर उन्हें गंभीर घायल कर दिया। जब हमलावरों को यह एहसास होने लगा कि इनमें से एक कार्यकर्ता अभिषेक की हालत













मरणासन्न हो गयी है तो वे हमला करने के बाद वहां से भाग गए। इसी बीच लगभग पांच भाजपाईयों को गाड़ी लॉक करके अंदर बंद रखा गया, जिससे अंदर बैठे भाजपाईयों को सांस घुटने से दिक्कत होने लगी। जैसे-कैसे भाजपाईयों ने लॉक खुलवाया और अपनी जान बचाने का काम किया। देर रात में वरिष्ठ भाजपाईयों को इसकी सूचना दी गयी तो रविवार को दोपहर मंत्री कपिल देव अग्रवाल गंभीर हालत में आईसीयू में जूझ रहे अभिषेक को देखने के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचे और अभिषेक को देखने के बाद मीडिया को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने साफतौर पर बताया कि हमला इस तरह का था कि उक्त हमले में भाजपाईयों की जान जा सकती थी। उक्त हमले में सुजडू, जामियानगर खालापार, के हमलावर शामिल थे। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के बाद नौ भाईजानों को गिरफ्तार किया और भेज दिया। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अब्दुला निवासी जामियानगर, सावेज त्यागी निवासी खालापार, सुभान निवासी खालापार, फैज राणा निवासी सुजडू, अदनान निवासी खालापार, अजीम निवासी जामियानगर, हैदर निवासी सुजडू व ताबिश निवासी खालापार को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि हमलावरों से एक थार गाड़ी संख्या यूके 08 बीई 4210 व एक स्वीफ्ट गाड़ी संख्या यूपी 12 एजेड 1010 बरामद की गई है। इनमें से एक युवक फैज राणा का अपराधिक इतिहास भी है, जिसके खिलाफ सहारनपुर, मुजफ्फरनगर सीआरपीएस थाना कोतवाली नगर व सिविल लाइन थाना क्षेत्र में भी मुकदमे दर्ज हैं।

# रूप फर्नीचर पर ढाई लाख का जुर्माना

- जीएसटी छापे में कागजात में दस लाख रुपये का अंतर पाया गया
- कच्ची रसीद देने और ग्राहक से जीएसटी वसूलने का भी आरोप

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** गत दिवस रूप फर्नीचर पर की गई जीएसटी छापे की कार्रवाई देर रात तक चली। इस दौरान बिलों और स्टॉक की जांच में करीब दस लाख का अंतर मिलने के बाद फर्म पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसमें दो लाख रुपये मौके पर ही जमा कराए गए। अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और आगे जांच के बाद कार्रवाई होगी।

राज्य कर विभाग जीएसटी की टीम ने उपायुक्त मनोज शुक्ला के नेतृत्व में प्रकाश चौक के पास स्थित रूप फर्नीचर पर छापे की कार्रवाई की थी। दोपहर में शुरू हुई छापे की कार्रवाई देर रात तक चली। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने फर्म के तमाम दस्तावेज कब्जे में ले लिए और देर रात तक उनकी पड़ताल की। इसके साथ ही वहां उपलब्ध स्टॉक की जांच की गई। टीम ने दस्तावेजों के आधार पर विगत दिनों में की गई खरीद और बिक्री की गहराई से जांच की। अधिकारियों के अनुसार उक्त फर्म का कहना है कि उनके यहां मैन्युफैक्चरिंग का काम नहीं होता। फर्म पर माल दूसरे निर्माताओं से खरीदा जाता है। वहां दूसरी फर्मों से फर्नीचर खरीद के कागजात भी टीम को मिले। जांच के दौरान यह भी पता चला कि रूप फर्नीचर द्वारा खरीदारों को पक्का बिल




नहीं दिया जाता है। इसमें एक व्यक्ति द्वारा खरीदे गए फर्नीचर की कच्ची रसीद फर्म द्वारा उसे दी गई और बताया गया कि पक्की रसीद लोगे को जीएसटी अतिरिक्त देनी पड़ेगी। जांच में सामने आया कि उक्त खरीदार द्वारा लिए गए फर्नीचर पर जीएसटी फर्म द्वारा वसूल की गई थी, लेकिन कागजों में इसे प्रदर्शित नहीं किया गया। एसआईबी विंग के उपायुक्त मनोज शुक्ला ने बताया कि अभी तक की गई जांच में मौके पर उपलब्ध स्टॉक और कागजों में करीब दस लाख रुपये का अंतर मिला है। इसके आधार पर उक्त फर्म पर ढाई लाख रुपये का कर व जुर्माना आरोपित किया गया। इसमें दो लाख रुपये फर्म की ओर से जमा कराए गए। उपायुक्त ने बताया कि यह आकलन प्रथम दृष्टया मिली गड़बड़ी के आधार पर किया गया है। उन्होंने बताया कि फर्म के खरीद और बिक्री के तमाम कागजात कब्जे में ले लिए गए हैं। इनकी जांच की जा रही है। आज रविवार होने के कारण अवकाश था। सोमवार को इन कागजों की जांच की जाएगी। इसमें और कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो जीएसटी और जुर्माने की रकम और बढ़ सकती है।

# मोदी बोले- देश जानता है कांग्रेसी पहले से नंगे

## 55 मिनट में मेरठ से दिल्ली: रैपिड मेट्रो रेल का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन





**मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोदी ने मेरठ मेट्रो और नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने एआई समिट में कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने को लेकर कांग्रेस पर भड़क गए। मेरठ में रविवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ। पूरा देश गर्व से भर गया, लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने क्या किया? वैश्विक आयोजन को गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतारकर पहुंच गए। मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं- देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो। फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्यों पड़ी? कांग्रेस के नेताओं ने जो कुछ किया, वो दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से कितनी दिवालिया और दरिद्र हो गई है। मोदी ने कहा- देखिए दिल्ली में जो हुआ, क्या उसमें टीएमसी, बीएसपी या बसपा के लोगों ने पाप किया... नहीं किया। सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस के सरफिरे और बेलगाम नेता देश को तबाह करने पर तुले हैं। अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है तो पहले आपको लोगों के दिल जीतने होंगे। इससे पहले, मोदी ने मेरठ मेट्रो और नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई। स्कूली बच्चों और डॉक्टरों के साथ सफर किया। उनसे बातचीत की। 12,930 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। रैपिड रेल से दिल्ली से मेरठ की 82.15 किमी दूरी सिर्फ 55 मिनट में पूरी होगी। ट्रेन मेरठ मोदीपुरम से शुरू होकर दिल्ली के सराय काले खां तक जाएगी। 13 स्टेशनों से होकर गुजरेगी। पूरे सफर में दो स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे, जबकि बाकी का सफर एलिवेटेड होगा। मेट्रो बेगमपुल से मेरठ साउथ तक जाएगी।

### कांग्रेस-सपा से कहा था जहरीली राजनीति छोड़िए

पीएम मोदी ने कहा- मैंने कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं। लेकिन, इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है। 2014 से पहले यानी कांग्रेस सरकार के समय में 5 ही शहरों में मेट्रो थी। आज 25 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चलने लगी है। मोदी ने कहा- जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन बदलने वाला है। अब एक ही स्टेशन से, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी।

### रैपिड ट्रेन में ड्राइवर, कंडक्टर की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी

**मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** नमो भारत रेल में रैपिड ट्रेन में ड्राइवर, कंडक्टर की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी गई है। लगभग 80% स्टाफ महिलाओं का होना अपने आप में ऐतिहासिक है। यह पहल नारी सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संदेश देती है। उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों का यह जमीनी उदाहरण है, जहां महिलाएं देश की सबसे तेज रैपिड ट्रेन की कमान संभालेंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हाई-स्पीड ट्रेन के परिचालन में लोको पायलट (चालक) से लेकर स्टेशन मैनेजमेंट तक में महिलाओं की भागीदारी 80% से अधिक है, जो इसे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाला पहला रैपिड रेल प्रोजेक्ट बनाता है।




# खाद्य तेल रिपैकिंग यूनिट पर छापा, 30 टीन तेल किया सील

- एमके इंडस्ट्रीज वहलना में हो रहा था रिपैकिंग का काम
- अभिरक्षा में दिया तेल, साफ-सफाई के दिए कड़े निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के बीच बीते दिनों मेरठ रोड वहलना क्षेत्र में स्थानीय खाद्य विभाग की हुई फजीहत के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुजफ्फरनगर की टीम ने रविवार को वहलना स्थित एक खाद्य तेल की रिपैकिंग यूनिट पर छापा मारते हुए संदिग्ध माने जाने पर 30 टीन सील किए। टीम की उक्त कार्रवाई से जनपद में पूरे दिन हड़कंप सा मचा रहा।

वहलना क्षेत्र में बीते दिवस सहारनपुर मंडल के अधिकारियों की छापेमारी में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर हो रहे खेले के बाद जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम हरकत में आ गई है। रविवार को इस दाग को धोने की खातिर सहायक आयुक्त खाद्य अर्चना धीरान के नेतृत्व में टीम ने एम.के. इंडस्ट्रीज, वहलना में निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान एफबीओ नितिन मित्तल की इकाई से इस बीच संदेह के आधार पर रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल कोहलू ब्रांड का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मौके पर उपलब्ध शेष 30 टिन, जिनमें लगभग 448 लीटर तेल था और जिनकी वर्तमान बाजार में अनुमानित कीमत 68,544 रुपये आंकी गई, को कारोबारी की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त छापामार कार्रवाई के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने खाद्य कारोबारकर्ता को अपने प्रतिष्ठान में साफ-सफाई बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए जनपद में इस बार मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिलावटखोरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।






# गांधी कॉलोनी में गुण्डई रोकने में पुलिस असफल, दिन-दहाड़े चलाई गयी गोलियां

## ट्यूशन के बहाने गैंगवार तक करते हैं युवक

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** गांधी कॉलोनी में पुलिस गुण्डई रोकने में लगातार विफल नजर आ रही है। लगातार पुलिस की विफलता इस बात से साबित होती है कि कभी स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार युवक निर्भीक होकर लाठी-डंडों से एक दूसरे को घायल करते हैं, कभी सरेआम मारपीट। रविवार को तो उस समय सारी हदें पार हो गईं, जब गली नं. 12 में खुलेआम दिन-दहाड़े किशोर एवं युवकों ने आपस में गोलियां चलाई। इनमें से एक गोली गली नं. 12 के ही एक घर के बाहर लगे बिजली के मीटर पर जा लगी। गोली का खोखा अथवा गोली सड़क ही पड़ी दिखाई दी। देखने से यह गोली 315 बोर की प्रतीत हो रही है, जो अवैध कट्टे से चली हुई मानी जा रही है। इतना ही नहीं गोली के साथ-साथ सड़कों पर ईंटें भी साफ बिखरी हुई दिखाई दे रही है। गोली चलने के बाद क्षेत्र के लोग अपने घरों से बाहर निकले तो 10-12 युवक भागते हुए दिखाई दिये, जिनमें कुछ 18-19 साल के तथा कुछ 20-22 साल के प्रतीत हो रहे हैं। माना जा रहा है कि रोजाना की भांति दो गुटों में युवकों का कोई आपसी विवाद चल रहा होगा, उसी के चलते युवकों ने गोली चलाने की घटना को अंजाम दिया है। बड़ी बात यह है कि आए दिन गांधी कॉलोनी में किशोरों और युवकों के ऐसे वीडियो वायरल होते हैं, मगर किसी भी प्रकार से पुलिस इस गुण्डागर्दी को कंट्रोल करने की स्थिति में दूर दूर तक भी दिखाई नहीं देती। कभी तेज आवाज में जाती बुलेट बाइक तो कभी 3-4 लोग बुलेट बाइक पर बैठे लगातार देखे जा सकते हैं।





शेष समाचार पृष्ठ-4 पर

### वीडियो में सफेद रंग की शर्ट पहने युवक ने चलाई गोली

मुजफ्फरनगर। क्षेत्र के लोगों ने अपने घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज निकालते हुए बताया कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि सफेद रंग की शर्ट पहने युवक ने गोली चलाई है और कुछ युवक ईंट लिये हुए भी साफ दिख रहे हैं। बड़ी बात यह है कि सीसीटीवी फुटेज में अपने घर के अंदर बैठे परिवार द्वारा खुद कहा जा रहा है कि हम बेवकूफी कर रहे हैं कि हम घर में बैठे फुटेज देख रहे हैं, जबकि हमें बाहर चलना चाहिए। इनमें से एक व्यक्ति यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि मैंने तो इन युवकों को समझाने की कोशिश की, मगर कोई भी रुकने को तैयार नहीं था। फिलहाल गांधी कॉलोनी क्षेत्र में यह चर्चाएं खूब हो रही हैं कि पुलिस यहां किसी प्रकार से कोई सख्ती नहीं करती सिर्फ औपचारिकता निभाने के लिए गश्त करती दिखाई देती है।

पाँचवा रोजा - 23-02-2026
सुन्नी 6:15 | इफ़तार | शिया 6:29
रमजान- 2026
छठा रोजा - 24-02-2026
सुन्नी 5:28 | सहरी | शिया 5:30





## बेगमपुल स्टेशन का नाम शिवाजी महाराज के नाम पर रखने की अपील

**मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** मेरठ में अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन ने बेगमपुल मेट्रो-रैपिड रेल स्टेशन का नाम बदलने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने कहा कि बेगमपुल स्टेशन का नाम 'बेगम' के नाम पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि स्टेशन का नाम बदलकर 'शिवाजी महाराज' या किसी अन्य हिंदू योद्धा के नाम पर रखा जाए।








## मेरठ मेट्रो का किराया लिस्ट जारी: 210 रुपए में 55 मिनट में दिल्ली




**मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** एनसीआरटीसी ने नमो भारत और मेरठ मेट्रो की किराया सूची जारी कर दी है। नमो भारत ट्रेन का न्यूनतम किराया 20 रुपए और अधिकतम 210 रुपए निर्धारित किया गया है। यह अधिकतम किराया मेरठ के मोदीपुरम से दिल्ली के सराय काले खां तक के लिए है। मेरठ मेट्रो का किराया 20 रुपए से 60 रुपए के बीच रखा गया है। यह किराया मोदीपुरम से मेरठ साउथ स्टेशन तक लागू होगा। एनसीआरटीसी अधिकारियों के अनुसार, नमो भारत ट्रेन के प्रीमियम कोच में सफर करने वाले यात्रियों को निर्धारित किराये से 20 प्रतिशत अधिक भुगतान करना होगा। बेहतर और तेज कनेक्टिविटी के साथ मेरठ से दिल्ली की यात्रा अब कम समय और किफायती किराये में संभव होगी।

## प्रधानमंत्री ने छात्रों से किया मजाक कहा रेपिड चलने से अब तो घर बार - बार जाओगे

**मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को शहरवासियों को नमो भारत और मेट्रो की सौगात दी। उद्घाटन के बाद उन्होंने शताब्दी नगर से मेरठ साउथ स्टेशन तक सफर भी किया। इस दौरान उनके साथ कुछ छात्र-छात्राओं ने भी सफर किया और करीब 10-12 मिनट तक संवाद हुआ। छात्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री से मिलकर उन्हें जरा भी नहीं लगा कि वे किसी वीवीआईपी के साथ बैठे हैं। पूरा माहौल बेहद सहज और पारिवारिक रहा। आठवीं कक्षा की छात्रा इहा दीक्षित ने बताया, 'प्रधानमंत्री जी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। मैंने उन्हें धन्यवाद दिया कि वेस्ट यूपी को इतनी बड़ी सौगात मिली है। अब हम कम समय में यात्रा कर सकेंगे और ट्रैफिक में लगने वाला समय पढ़ाई या अन्य कामों में लगा सकेंगे। अब मेरठ से दिल्ली की दूरी दूर नहीं रही।' इहा ने बताया कि यह उनकी प्रधानमंत्री से तीसरी मुलाकात थी। इहा ने कहा की पीएम ने उन्हें पढ़ाई से जुड़े टिप्स भी दिए। ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम किसी बड़े नेता के साथ यात्रा कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। हालांकि छात्रों को प्रधानमंत्री से ही सीधे संवाद का अवसर मिला। छात्रों ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए यादगार रहेगा। छात्रों ने कहा की ऐसा लगा जैसे परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य से बात कर रहे हों।

## मेरठ में एक घंटे तक रोका गया ट्रैफिक: झेलनी पड़ी दुश्वारियां

**मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ कार्यक्रम को देखते हुए दिल्ली रोड पर विशेषण इंतजाम किए गए थे। उनके आगमन से 1 घंटे पहले दिल्ली रोड का ट्रैफिक रोक दिया गया। इसका असर यह हुआ की लगभग तीन से चार घंटे लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी। लोग पूरे पूरे परिवारों के साथ पैदल ही गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए। शताब्दी नगर मेट्रो स्टेशन से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेट्रो में सवार हुए थे। इसलिए सबसे ज्यादा सख़्ती इसी रूट पर की गई थी। रिठानी से लेकर मोहिउद्दीनपुर तक केवल सरकारी वाहन ही दौड़ते दिखाई दिए। इसके लिए ट्रेफिक पुलिस द्वारा रूट डाइवर्जन कर दिया गया। दिल्ली रोड के ट्रेफिक को बंद रखने के लिए प्रशासन ने यहां के सभी प्रतिष्ठान बंद रखे। गाड़ियों के शोरूम से लेकर सभी फैक्ट्री, होटल के अलावा छोटी छोटी दुकानों को भी बंद करा दिया गया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद भी काफी देर लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। रैली के चलते दिल्ली रोड पर वाहनों को रोका गया। बाहर से आ रहे वाहनों को परतापुर बाईपास पर ही रोक दिया गया। जिन लोगों को मोहकमपुर और मोदीनगर जाना था, वह पैदल ही सफर करते दिखाई दिए। कुछ लोग 8 से 10 किलोमीटर पैदल चलने का दावा कर रहे थे तो कुछ ने बताया कि वह 15 किलोमीटर तक पैदल चले हैं। इस तरह के आयोजनों में अकसर लोग सड़कों पर निकल आते हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए गलियों को बेरीगेटिंग कर बंद कर दिया गया। यहां देर रात ही गलियों के बाहर बलियां लगाकर लोगों को घरों में कैद कर दिया गया। सुबह लोग सोकर उठे और बाहर निकले तो बंद गली देख हैरान हो गए।

## पश्चिमी यूपी के अपराध पर फिल्में बनती थीं

**मेरठ।** मोदी ने कहा- भाजपा सरकार के लिए देश का विकास, यूपी का विकास सर्वोपरि है। याद करिए, 10 साल पहले यूपी की चर्चा किन बातों की होती थी? हर किसी को मेरठ के दंगे, पश्चिमी यूपी की क्रिमिनल गैंग, खराब सड़कें, बिजली कटौती और पिछड़ेपन की परिस्थितियां ही चर्चे में रहता था। पश्चिमी यूपी के अपराध पर फिल्में बनती थीं। आज यूपी को ब्रह्मोस, मोबाइल फोन बनाने, पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या के लिए जाना जाता था। सपा के राज में जो अपराधी बेखौफ घूमा करते थे, वो आज योगी की सरकार में जेलों में दिन बिता रहे हैं। आज किसी की हिम्मत नहीं कि कॉलेज से निकल रही हमारी किसी बेटी का अपमान कर सके। मोदी ने कहा- पहले छोटे कारीगर केवल 10 लाख रुपए तक का सामान कोरियर से भेज सकते थे। अब ये सीमा पूरी तरह से हटा दी गई है। इससे मेरठ सहित यूपी के सभी बुनकर और अन्य उद्यमी ऑनलाइन अमेरिका या यूरोप से जुड़े अपने ग्राहक को भेज पाएंगे। मेरठ, हापुड़ और आसपास के लोगों ने चौधरी चरण सिंह के विजन को देखा है। ये हमारी सरकार का सौभाग्य रहा कि हमें चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देने का अवसर मिला। मोदी ने कहा- साथियों, बीते वर्षों में भाजपा की सरकार ने जो वैश्विक समझौते किए हैं, उससे भारत के लघु और कुटीर उद्योगों से जुड़े लोगों को फायदा होगा। मेरठ के स्पोर्ट्स प्रोडक्ट, कैंची और खुर्जा की क्राकरी, मुरादाबाद का पीतल, सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी आदि से जुड़े लोगों को इसका फायदा होगा। भाजपा की प्राथमिकता देश के छोटे-बड़े शहरों के सामर्थ्य को दुनिया के कोने-कोने तक ले जाने का है। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन कैसे बदलने वाला है- सरायकालेखां, आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ...इन स्टेशनों पर भारतीय रेल, मेट्रो और बस अड्डों को आपस में जोड़ा गया है। देश में ये पहली बार हो रहा है। जब एक ही स्टेशन, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी। मेरठ की इस धरती से मेरा भी एक विशेष नाता रहा है। जब 2014 और 2019, 2024 के लोकसभा चुनाव हुए तो चुनाव सभाओं की शुरूआत मैंने मेरठ से ही की थी। मेरठ के आप लोगों ने, यहां के किसान, उद्यमियों, कारीगरों, दुकानदारों ने मुझे हमेशा बहुत आशीर्वाद दिया है। मैंने तब भी कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं। लेकिन, इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है।



## कांग्रेस अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी

पीएम मोदी ने कहा- हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। हम इसे भी सहन कर लेंगे। लेकिन, कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि ये अक ग्लोबल समिट भाजपा का कार्यक्रम नहीं था, न ही उस समय भाजपा का कोई नेता वहां था। मोदी ने कहा- पूरा देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा है। दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता लाजने के बजाए गाजते हैं। बेशर्मी के साथ देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। संसद में खुद परफॉर्म नहीं कर पा रहे तो अपने साथी को भी बोलना का मौका नहीं देते। सदन को चलने नहीं देते। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है। पाप कांग्रेस करती है, भुगतना साथियों को पड़ता है। मोदी ने कहा- देखिए दिल्ली में जो हुआ, क्या उसमें टीएमसी, बसपा या बसपा के लोगों ने पाप किया... नहीं किया। सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस के सरफिरे और बेलगाम नेता देश को तबाह करने पर तुले हैं। अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है तो पहले आपको लोगों के दिल जीतने होंगे। उन्होंने कहा- महिला सांसदों को भेज कर सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो। कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है। उन्होंने कहा- मैं नम्रतापूर्वक देश के मीडिया से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि कृपा करके हम जब इस प्रकार की हरकतों की आलोचना करें तो इस तरह की हेडिंग न बनाएं कि मोदी ने विपक्ष को धो डाला। ये विपक्ष-विपक्ष करके आप कांग्रेस को बचा रहे हैं। विपक्ष में जो और साथी बैठे हैं, वो भी समझ गए हैं कि पाप कांग्रेस करती है और भुगतना उन्हें पड़ता है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। ये लोग मेरी कब्र खोदना चाहते हैं। मेरी मां को भी गाली देने से इन्हें कोई परहेज नहीं है।

## सेवा सप्ताह में गौ माता पूजन एवं सेवा

### - गौ माता गुणों की दाता, है वेदों का सब सार रे' नित नेम से इसका, श्रद्धा भाव से गुणगान करो

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बुस.)।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच मुजफ्फरनगर इकाई ने मंच के मार्गदर्शक परम आदरणीय डॉ. इन्द्रेश कुमार के जन्मदिवस पर 'सेवा सप्ताह' में गौ माताओं का पूजन कर हरा चारा, गऊ माता का आहार, गुड़ आदि समर्पित किया। निराश्रित गौ सेवा केंद्र-कूकड़ा मंडी स्थल पर मंच के सदस्यों ने मुख्य अतिथि सुभाष चंद गुप्ता-समाज सेवी, मनोज शर्मा एवं नीतू भारद्वाज को शॉल अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी ने गौ माता की विधि-विधान से पूजा कर आरती की। अतिथि सुभाष गुप्ता ने कहा कि निस्वार्थ भाव से गाय को ग्रास खिलाने से कुंडली के पितृ दोष और अन्य ग्रह बाधाएं शांत होती हैं। अतिन जी ने बताया कि गौ-सेवा से घर में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जिला महामंत्री-विष्णु स्वरुप अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को मंच के उद्देश्यों, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति, तिब्बत की आजादी, चीनी समान का बहिष्कार, पर्यावरण संरक्षण, देश की सुरक्षा सर्वोपरि के बारे में संक्षेप में बताया। इस अवसर पर जगदीश पालीवाल, अरुण राजवंशी, सीए अश्विनी वर्मा-जिला मंत्री, अवनीश गोयल-जिला संयोजक प्रकृति प्रकोष्ठ, अतिन संगल-युवा जिला अध्यक्ष, अभिषेक वर्मा-युवा जिला महामंत्री आदि उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण के उपरांत गौ सेवा कार्यक्रम सम्पन हुआ।



### आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 23 फरवरी, 2025**

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आ्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

## एमजी पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क नेत्र शिविर में मिला चिकित्सीय लाभ



**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बुस.)।** एमजी. पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को निःशुल्क मासिक नेत्र रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एमजी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल ने किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग द्वारा अतिथियों, चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों और उपचार परामर्श लेने आये नेत्र रोगियों का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि जनवरी माह के चौथे रविवार को वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी के सहयोग से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्व. हरबंस लाल गोयल एवं स्व. विमलावती देवी की पुण्य स्मृति में आँखों के निःशुल्क विराट चिकित्सा कैंप का आयोजन लगातार किया जा रहा है। फरवरी माह के नेत्र शिविर में वरदान नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी की वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. स्वाति अग्रवाल के द्वारा रोगियों के नेत्रों का परीक्षण कर उनको उचित उपचार परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवा वितरित की गयी। शिविर में कुल 100 रोगियों को डॉ. स्वाति अग्रवाल द्वारा उचित परामर्श प्रदान करते हुए स्वास्थ्य लाभ दिया गया और 31 रोगियों को मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस नेत्र चिकित्सा शिविर में मोतियाबिंद के लिए चयनित रोगियों का ऑपरेशन भी निःशुल्क करने की सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां पर पूर्व में चयनित रोगियों को ऑपरेशन के बाद मिले लाभ के अनुभव साझा करने के लिए भी बुलाया गया था। विद्यालय में आगामी नेत्र चिकित्सा शिविर 22 मार्च, 2026 को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से एम.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के उपाध्यक्ष विनीत सिंघल, कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी के अध्यक्ष शिवचरण दास गर्ग, सत्यवीर सिंह, अनिल वर्मा मौजूद रहे। शिविर आयोजन में डॉ. स्वाति अग्रवाल के साथ उनके सहयोगी के रूप में मोहिनी प्रजापति, निशा, परवेज आलम, शादाब, सुरेन्द्र माहेश्वरी सहित विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## एक्टर और इंस्पेक्टर के खिलाफ ठगी का मामला हुआ दर्ज

### - नौकरी दिलाने के नाम पर पिता-पुत्र ने ठगे थे 8 लाख

**बुढ़ाना, 22 फरवरी (बु.)।** फिल्म अभिनेता व आबकारी विभाग में तैनात उसके इंस्पेक्टर पुत्र ने एक युवक से स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर 08 लाख रुपए हड़प लिए। कस्बे में ठगी का यह मामला खूब चर्चाओं में है। पीड़ित 07 वर्ष से दोनों पिता-पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को कोतवाली के चक्कर काट रहा था। मगर पुलिस पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही थी। अब इस मामले में सीओ बुढ़ाना के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने ये मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रवीण कश्यप पुत्र ओमप्रकाश कश्यप निवासी मौहल्ला उत्तरी भटवाड़ा कस्बा बुढ़ाना ने सीओ को बताया था कि उसके पिता बुढ़ाना कस्बे के सैनी बाजार में कपड़े की सिलाई का कार्य वन्दना टेलर्स के नाम से करते हैं। उसके पिता की दुकान पर कस्बे के ही मनोज शर्मा व उसके पिता देव शर्मा कपड़ों की सिलाई के लिए आते जाते थे। मनोज शर्मा आबकारी विभाग मे इंस्पेक्टर हैं। मनोज शर्मा ने उसके पिता से कहा था कि मेरा एक साथी स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी है ओर स्वास्थ्य विभाग में बीएचडब्ल्यू का एक पद रिक्त है, जिसके लिए मेरे दोस्त ने मुझसे ये कहा है कि अगर तुम्हारा कोई जानने वाला हो तो उसकी नौकरी लगवा दो, तब मेरे पिता ने मेरी नौकरी के लिए मनोज शर्मा और उसके पिता देव शर्मा से बातचीत की, क्योंकि मेरे पिता के पास दोनों पिता-पुत्र काफी समय से सिलाई का कार्य कराते थे। इसीलिए मेरे पिता दोनों से घर तक पूरी तरह से वाकिफ थे। मेरे पिता को मनोज शर्मा और उसके पिता देव शर्मा ने कहा कि तुम्हें 02 या 03 किस्तों में 08 लाख रुपये देने होंगे तो फिर आपके लड़के की स्वास्थ्य विभाग में बीएचडब्ल्यू के पद पर नियुक्ति हो जायेगी। इसीलिए मेरे पिता ने छह लाख रुपये तथा 2 लाख रुपये ज्वाइनिंग लेटर दिलाने के बाद दिये। इस तरह दोनों पिता-पुत्र ने मेरे पिता से नौकरी की बाबत 8 लाख रुपये हडप लिए और उसे एक ज्वाइनिंग लैटर व एक स्वास्थ्य विभाग का बीएचडब्ल्यू की नियुक्ति का आई कार्ड बरेली स्वास्थ्य विभाग से दिला दिया। इस बात को 6 वर्ष हो गये, मगर फिर भी मेरी नौकरी नहीं लगी। मैंने ये रुपये नानू व धर्मपाल निवासीगण बुढ़ाना के सामने दिये थे, जब भी मैं देव शर्मा के घर अपने रुपये मांगने जाता हूं, तो मनोज उसे धमकी देता हैं कि अगर तूने हमारे विरुद्ध कोई भी रिपोर्ट दर्ज कराई, तो मैं आबकारी में झूठा मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवा दूंगा, जिससे वह डरा हुआ है। पीड़ित ने दोनों पिता-पुत्र के विरुद्ध सीओ से कार्यवाही की मांग की है। वहीं सीओ के द्वारा कराई गयी जांच में मामला सही पाये जाने पर पुलिस ने पिता-पुत्र के विरुद्ध ठगी का मामला दर्ज कर लिया है।

## शाहपुर में श्याम फाल्गुन महोत्सव पर 5वीं ऐतिहासिक निशान यात्रा निकाली गई

### -हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, खाटू श्याम जी के चरणों में निशान चढ़ाये





**शाहपुर, 22 फरवरी (बु.)।** नगर में आज श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर पांचवीं विशाल निशान (ध्वज) यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर नगर को भक्ति मय बना दिया। ध्वज-यात्रा में नगर के साथ साथ देहात से भी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपना निशान चढ़ाया। निशान यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर को भव्य ढंग से सजाया गया। शोभायात्रा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि रात्रि में भव्य भजन संध्या में श्रद्धालु जमकर थिरके। प्रसिद्ध भजन गायिका श्याम लाड़ली मीनू शर्मा ने अपने भजनों से समा बांध दिया। कस्बे में पांचवीं बार श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर भव्य निशान (ध्वज) यात्रा निकाली गई, जो सुबह श्री पिपलेश्वर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मौहल्ला महाजन, मेन बाजार मुख्य मार्ग, मंगलापुरी मंडी, शिव कॉलोनी, मालदा बाग, मौहल्ला सानियान से होती हुई श्री बालाजी धाम मंदिर पर समाप्त हुई। ध्वज-यात्रा में हजारों लोग हाथों में निशान (ध्वज) लेकर चल रहे थे। निशान यात्रा में आसपास के क्षेत्र से भी सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गानों पर जमकर झूमे। बच्चे और महिलाएं भी ध्वज यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल रहे। ध्वज-यात्रा में भारी भीड़ को देखते हुए शाहपुर पुलिस को व्यवस्था बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। यात्रा का समापन श्री बालाजी धाम मंदिर पर संपन्न हुआ जहां सभी श्रद्धालुओं ने नगर परिक्रमा के उपरांत अपने-अपने निशान चढ़ाए। निशान यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। विशाल भंडारे का आयोजन लाल बहादुर सिंघल, बोबी सिंघल, मनीष सिंघल,अमित सिंघल आदि के द्वारा किया गया। गत रात्रि मंदिर परिसर में महिला मंडल ने श्री श्याम मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया। शाहपुर कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल कुमार भारी पुलिस बल के साथ ध्वज यात्रा के साथ चले। ध्वज-यात्रा के बालाजी धाम मंदिर पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम जी के चरणों में अपने-अपने निशान चढ़ाए। ध्वज यात्रा में मुख्य रूप से प्रमुख समाज सेवी उमेश मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, मणिकांत मित्तल , अरूण मित्तल, सभासद विशाल गर्ग, शशांक सिंघल, राहुल गोयल, पंकज गोयल, अतुल सिंघल बंटी, अमित मित्तल टिंकू, नवदीप मित्तल, अमन मित्तल, नितिन मित्तल, मित्तल, विशु गोयल, दिवाक्ष मित्तल, दर्शित मित्तल, मनोज सिंघल, प्रवीण मित्तल, विनय गोयल, गौरव सिंघल, राजेंद्र गोयल, अक्षय गोयल, नमन सिंघल, अनमोल सिंघल, हनु सिंघल, कुंज मित्तल, शुभम नामदेव, संजू नामदेव, राजू बंसल, ऋषभ सिंघल, अर्पित गोयल, विनीत मित्तल, विनय प्रजापति, प्रवेश गोयल आदि हजारों लोग शामिल रहे।

## अध्यक्ष पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को भेजा जेल

**जानसठ, 22 फरवरी (बु.)।** तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद शर्मा पर जानलेवा हमला करने वाले दो नामजद आरोपियों पिता और पुत्र को जेल भेजा। पुलिस बाकी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दबिश दे रही है। तहसील में शनिवार को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में थाना भोपा क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी राजेंद्र पुत्र चरण सिंह अपने मकान का बैनामा अपनी भतीजी अंजू पुत्री नरेन्द्र कुमार के हक में करने के बाद वापस लौट रहा था। इसी दौरान विक्रेता राजेंद्र को उसकी पुत्री थाना भोपा क्षेत्र के गांव करहेड़ा निवासी संजू, दामाद प्रवीण कुमार उनके पुत्र शिवम व शुभम और पुत्री के ससुर आनंद पुत्र रामस्वरूप आदि ने अपहरण करने का प्रयास किया था। विरोध करने पर इन लोगों ने अधिवक्ता सोहित कुमार और नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद शर्मा पर हमला कर दिया था। हमले में अध्यक्ष प्रमोद शर्मा घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिवक्ता सोहित कुमार की तहरीर पर पीड़ित विक्रेता राजेंद्र की पुत्री संजू, दामाद प्रवीण कुमार उसके भाई अरुण कुमार, पुत्री के दोनों पुत्र शिवम व शुभम, ससुर आनंद सहित चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने नामजद आरोपी विक्रेता के दामाद प्रवीण कुमार पुत्र आनंद और उसके पुत्र शिवम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

## सीएमओ ने स्वास्थ्य मेले का किया निरीक्षण, दिशा-निर्देश दिए

**जानसठ, 22 फरवरी (बु.)।** सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने रविवार को गांव सिखेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुषमा शर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार को सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह की देखरेख में रविवार को क्षेत्र के गांव सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 130 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। इस दौरान पीएचपी स्टाफ द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई तथा सामग्री वितरित की। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 43 मरीजों की ब्लड-प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। इस दौरान डॉ. मोहित कुमार, स्टाफ नर्स शादाब खान, फार्मासिस्ट मरदान अली, डॉ. नदीम, डॉ. सुषमा शर्मा, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।




## पुलिस लाइन सभागार में डीआईजी सहारनपुर ने ली बैठक

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** रविवार को पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में राजपत्रित अधिकारियों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक शहर सत्यनारायण प्रजापत, और आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहित सभी सीओ उपस्थित रहे। गोष्ठी में चालू वित्तीय वर्ष के बजट की समीक्षा की गई। व्यय, प्रस्तावित कार्यों और लंबित मामलों पर बातचीत करते हुए वित्तीय संसाधनों के पारदर्शी व मितव्ययी उपयोग के निर्देश दिए गए। इसके साथ-साथ प्रशिक्षु आरक्षियों के आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता और प्रशिक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक मानकों के अनुरूप सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधिकारियों ने निर्धारित निर्णय को पूर्ण करने की जिम्मेदारी जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## मेरठ मेट्रो और नमो भारत रेपिड रेल

**अब दिल्ली दूर नहीं, पहले यह वाक्य कहावत के रूप में प्रचलित था, लेकिन अब यह वास्तविकता हो गयी है। अब वास्तव में दिल्ली दूर नहीं है। कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के बाकी हिस्से और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कर दिया है। 82.15 किमी लंबा पूरा हाई-स्पीड कॉरिडोर जनता के लिए शुरू हो गया है। करीब 82.15 किलोमीटर की दूरी में 70 किमी एलिवेटेड और 12 किमी भूमिगत लाइन है। कल उद्घाटन के बाद मेरठ में अपने सम्बोधन में प्रधानमन्त्री ने कांग्रेस को जमकर सुनाया। भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन पर उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रधानमन्त्री मोदी ने 8 मार्च 2019 को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारा की आधारशिला रखी थी। नये विश्व स्तरीय परिवहन बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से देश में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बदलने की प्रधानमन्त्री की कल्पना के अनुरूप, क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम यानी आरआरटीएस परियोजना विकसित की जा रही है। आरआरटीएस एक नयी रेल-आधारित, सेमी हाई स्पीड, हाई फ्रीक्वैन्सी वाली कम्यूटर ट्रांज़िट प्रणाली है। 180 किमी प्रति घंटे की गति के साथ, आरआरटीएस एक परिवर्तनकारी, क्षेत्रीय विकास पहल है, जिसे हर 15 मिनट में इंटरसिटी आवागमन के लिए हाई-स्पीड ट्रेनें प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो आवश्यकता के अनुसार हर 5 मिनट की फ्रीक्वैन्सी तक जा सकती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तैयार किए जाने वाले कुल आठ आरआरटीएस कॉरिडोर की पहचान की गई, जिनमें से तीन कॉरिडोर को चरण- कमें लागू करने की प्राथमिकता दी गई, जिसमें दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ कॉरिडोर, दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी-अलवर कॉरिडोर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर शामिल है। यह दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गाजियाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर के शहरी केंद्रों से गुजरते हुए एक घंटे से भी कम समय में दिल्ली को मेरठ से जोड़ेगा। देश में विकसित आरआरटीएस एक अत्याधुनिक क्षेत्रीय गतिशीलता समाधान है और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ से इसकी बराबरी की जा सकती है। यह देश में एक शहर से दूसरे शहर जाने के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और आधुनिक आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा। पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप, आरआरटीएस नेटवर्क में रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों, बस सेवाओं आदि के साथ व्यापक मल्टी-मॉडल-एकीकरण होगा। इस तरह के परिवर्तनकारी क्षेत्रीय गतिशीलता समाधान क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देंगे। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के अवसरों तक बेहतर पहुंच प्रदान करेंगे और वाहनों की भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाने में मदद मिलेगी। मेरठ और आसपास के लोगों को मेरठ मेट्रो और आरआरटीएस से बहुत राहत मिलेगी। लगातार बढ़ रही सड़कें भी बढ़ते वाहनों के सामने कम पड़ रही हैं, ऐसे में मेट्रो रेल और आरआरटीएस,यातायात सुविधाओं को बढ़ाने वाले रहेंगे। आवागमन सुगम हो जाएगा। मेरठ में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बाबा औघड़नाथ की इस पावन धरती पर आज विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के लिए नयी क्रांति को ऊर्जा मिल रही है। आज पहली बार एक ही मंच से नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का एक ही दिन शुभारंभ हो रहा है। विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसी होगी, यह उसकी एक शानदार झांकी है। शहर के भीतर के लिए मेट्रो और ट्विन सिटी के विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन का काम हुआ है। मुझे संतोष है कि ये काम उत्तर प्रदेश में हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी कार्य संस्कृति है कि जिस काम का शिलान्यास किया जाए, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाए। इसलिए अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं है। सराय कालेखां, आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ इन स्टेशनों पर भारतीय रेल, मेट्रो और बस अड्डों को आपस में जोड़ा गया है। देश में ये पहली बार हो रहा है, जब एक ही स्टेशन, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी। यानी, एक ही प्लेटफॉर्म से आप शहर के भीतर भी यात्रा कर पाएंगे और उसी स्टेशन से सीधे दिल्ली भी आ-जा सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ राजनीतिक दल हैं, जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। अभी आपने देखा कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एआई इम्पैक्ट समिट हुआ। दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। दुनिया के विकासशील देशों में ऐसा सम्मेलन आज तक कभी नहीं हुआ, लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी नंगी और गंदी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं कि देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या पड़ी? कांग्रेस के नेताओं ने वहां जो कुछ किया, वह दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है, कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। ये भाजपा का समारोह नहीं था, ये देश का कार्यक्रम था, देश के सम्मान का कार्यक्रम था, लेकिन कांग्रेस ने सारी मर्यादाएं तोड़ दी। आज पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू हो रही है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता जाने के बजाय बेशर्मी के साथ सामने आ रहे हैं और ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमन्त्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो। कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है। याद करिए, 10 साल पहले यूपी की चर्चा किन बातों की होती थी? हर किसी को मेरठ के दंगे, पश्चिमी यूपी की क्रिमिनल गैंग, खराब सड़कें, बिजली कटौती और पिछड़ेपन की परिस्थितियां ही चर्चे में रहता था। सपा सरकार ने यूपी का ये हाल करके रखा था, लेकिन आज यूपी को ब्रह्मोस, मोबाइल फोन बनाने, पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या के लिए जाना जाता था। सपा के राज में जो अपराधी बेखौफ घूमा करते थे, वो आज योगी की सरकार में जेलों में दिन बिता रहे हैं। आज किसी की हिम्मत नहीं कि कॉलेज से निकल रही हमारी किसी बेटी का अपमान कर सके।**

### चार तीर

सुनील उत्सव

'ऑफर' 'नेता' 'बेड़ा' 'गर्क'

किसी को तोड़ने की चाह में ऑफर वो देता है,
गलत दल का गलत नेता, गलत बातें ही करता है।
जो बेड़ा गर्क करते हैं, उन्हें पुचकारता है वो,
गलत दल का गलत नेता, गलत बातें ही करता है।







# आमजन को विधिक सेवा शिविर के प्रति किया जागरूक

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीरेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में बृहद् विधिक सेवा शिविर का आयोजन रविवार को मेरठ रोड के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। इस दौरान अपर जिला जज विष्णु चन्द्र वैश्य, अपर जिला जज रितेश सचदेवा, अपर जिला जज देवेन्द्र सिंह फौजदार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डॉ. सत्येन्द्र चौधरी, सिविल जज (सी.डि.)/ सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण तुषार जायसवाल, अपर सिविल जज (जू.डि.), दिव्य प्रताप सिंह निमेष, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय खतौली, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देश भूषण, जिला विकास अधिकारी दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति शरण श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, पीओ नेडा भजन सिंह, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि मौजूद रहे। शिविर में जनपद में चल रही योजनाओं से संबंधित विशिष्ट शिविरों का आयोजन करते हुए लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर में डॉ. सत्येन्द्र चौधरी सिविल जज (सी.डिवी.) ने संवैधानिक व विधिक अधिकारों की जानकारी दी तथा विधिक अधिकारों से संबंधित जानकारी देते हुए आमजन को जागरूक किया। वहीं सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को वितरित कराया गया। जिनमें पांच हजार से अधिक लाभार्थियों को प्रिकैम्प व मेगा कैम्प के माध्यम से लोन का वितरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में बताया गया।

## परिवहन विभाग ने लगाए मेगा शिविर में आकर्षक स्टॉल्स

### - आईटीआई कैम्पस में मेगा शिविर के बूते की जनजागरूकता

**मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)।** रविवार को एआरटीओ प्रवर्तन एवं आरआई टेक्निकल ने मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी मेगा शिविर अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रितिश सचदेवा एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. सत्येंद्र कुमार चौधरी को स्टॉल पर सड़क सुरक्षा शपथ प्रतीक व सड़क सुरक्षा नियम कैलेंडर भेंटकर स्वागत किया गया।

इस दौरान मेगा शिविर में लगाए स्टॉल पर आगंतुकों को सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत कैलेंडर्स, हैंडबिल्स, पैम्फलेट, फ्लायर्स व फ्लेक्स के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। रविवार को मेरठ रोड स्थित आईटीआई कैम्पस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित मेगा शिविर में डीएम उमेश मिश्रा के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए। एआरटीओ प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्र व आरआई टेक्निकल रोमेश अग्रवाल द्वारा स्टॉल पर भ्रमण करने वाले सभी आगंतुकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की तथा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के तहत जागरूकता हेतु नव वर्ष/ सड़क सुरक्षा नियमों के कैलेंडर, हैंडबिल्स व पैम्फलेट भेंट किए गए। मेगा शिविर में सभी आगंतुकों को सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा नियमों/ यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस आयोजन में परिवहन विभाग से शोबी जैदी समेत अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्कूल के प्रिंटर में जहरीला सांप देखकर उड़े होश



**खतौली, 22 फरवरी (बु.)।** स्थित सेंट मैरी ग्लोबल स्कूल में दफ्तर में रखे प्रिंटर के अंदर से जहरीला सांप निकलने से हडकंप मच गया। गत दिवस स्टाफ ने जैसे ही प्रिंटर चलाया तो वह नहीं चला। मशीन खोलकर देखा तो सभी के होश उड़ गए—प्रिंटर के भीतर एक सांप कुंडली मारे फंसा हुआ था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें सांप मशीन के अंदरूनी हिस्सों में उलझा हुआ बाहर निकलने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। स्कूल स्टाफ के अनुसार, नियमित कार्य के दौरान जब प्रिंटर का उपयोग किया जा रहा था, तभी भीतर कुछ सरकने जैसी आवाज आई। पहले तो इसे मशीन की खराबी समझा गया, लेकिन जब कवर हटाया गया तो अंदर सांप दिखाई दिया। कुछ ही मिनटों में यह खबर पूरे परिसर में फैल गई। एहतियातन बच्चों को उस हिस्से से दूर कर दिया गया। स्टाफ ने प्रिंटर को सावधानी से खोला और सांप को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बाद में उसे पास के जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया। गनीमत रही कि इस दौरान किसी छात्र या कर्मचारी को इस दौरान कोई नुकसान नहीं पहुंचा। स्कूल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप की प्रजाति की पहचान की प्रक्रिया शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सांप जहरीला बताया जा रहा है।

## मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद

**चरथावल, 22 फरवरी (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कुटेसरा में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला मारपीट और गाली-गलौच तक पहुंच गया। इस घटना से गांव में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद अचानक बढ़ गया था, जिससे आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए थे। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने रविवार को बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साक्ष्यों और प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है और एहतियातन पुलिस निगरानी बनाए हुए है।

## चरथावल पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**चरथावल, 22 फरवरी (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अहम गिरफ्तारी की है। पुलिस ने संजीव उर्फ काला, पुत्र विजयपाल, निवासी ग्राम बधाई कलां, को गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति वारंटी के रूप में पुलिस की नजर में था और उसके खिलाफ पहले से ही वारंट जारी था। इस गिरफ्तारी में चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में टीम सक्रिय रही। अभियान में अलावपुर चौक प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे। टीम ने संजीव उर्फ काला को पकड़कर कानूनी प्रक्रिया के तहत आवश्यक दस्तावेज और कार्यवाही पूरी की। गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस का यह अभियान वारंटियों के खिलाफ जारी प्रयासों का हिस्सा है। पुलिस लगातार ऐसे मामलों में सक्रिय होकर कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए कार्य कर रही है। इस अभियान से क्षेत्र में सुरक्षा और कानून की सख्ती का संदेश भी गया।

## ट्रम्प के रिसॉर्ट में घुस रहे युवक को गोली मारी,मौत



**वॉशिंगटन डीसी, 22 फरवरी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1:30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शॉटगन और फ्यूल कैन लेकर आया था। मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नॉर्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शॉटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल कैन भी नजर आ रहा है। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शॉटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल कैन भी नजर आ रहा है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रिसॉर्ट के नॉर्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शॉटगन और फ्यूल कैन था। सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और कैन गिराने को कहा गया। युवक ने कैन तो रख दिया, लेकिन शॉटगन को गोली चलाने की पॉजीशन में उठा लिया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई और वह मारा गया। जांच में पता चला कि उसके परिवार ने कुछ दिन पहले उसे लापता होने की रिपोर्ट की थी।

## प्रेमिका के मंगेतर से बदला लेने के लिए दी कोर्ट को उड़ाने की धमकी



**आजमगढ़, 22 फरवरी (एजेंसी)।** जौनपुर न्यायालय और पुलिस लाइन के गेट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपित विशाल रंजन निवासी बक्शपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ को लखनऊ एटीएस की टीम ने रविवार को सिधारी थाना क्षेत्र के हड़हा बाबा नरौली स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार किया है। एटीएस ने आरोपित के पास से पांच मोबाइल फोन, एक लैपटाप, मेमोरी कार्ड, चार सिम और 21 हजार नकद भी बरामद किया है। विशाल ने 17 फरवरी 2026 को जौनपुर जिला न्यायाधीश के सरकारी ई-मेल आईडी पर अलग अलग कुल पांच ई-मेल से न्यायालय परिसर व जौनपुर पुलिस लाइन गेट को बम से उड़ाने व मुख्यमंत्री से एक लाख रुपये भिजवाने की धमकी दी थी। उक्त धमकी भरे ई-मेल की जांच उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा की जा रही थी, विवेचना के क्रम में विशाल रंजन का नाम प्रकाश में आया। एटीएस टीम हड़हा बाबा नरौली के मकान से विशाल को दबोचने में कामयाब रही। पूछताछ और तलाशी में उसके पास से कई नामों से प्रोटान मेल, जीमेल, आउट लुक की लगभग 50 ई-मेल आईडी प्राप्त हुई एवं अलग अलग नामों से लगभग 20 फेसबुक आईडी मिली, इसके साथ ही इंटरनेट मीडिया से महिलाओं की तस्वीरें डाउनलोड कर अश्लील कंटेंट भी तैयार किया हुआ प्राप्त हुआ। जांच में उसके लैपटाप से आजमगढ़ रोडवेज को बम से उड़ाने का संबंधित मैसेज तैयार किया हुआ मिला, जिसे उसने अभी तक भेजा नहीं था। पूछताछ में विशाल ने बताया कि वह जिस लड़की से वह प्यार करता था उसकी शादी जौनपुर के एक लड़के से तय हो गई थी। वह नहीं चाहता था कि लड़की की कहीं भी शादी हो। जिस लड़के से उसकी शादी तय हुई थी उसकी इंटरनेट मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट कर दिया था, जिसके बाद दोनों पक्ष में पंचायत हुई और विशाल को उस पंचायत में माफी भी मांगनी पड़ी थी। इसी का बदला लेने के लिए विशाल ने पंचायत में शामिल सभी लोगों के नाम के साथ-साथ अपनी प्रेमिका के मंगेतर के नाम से भी फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर व उनके मोबाइल नंबरों का प्रयोग कर जौनपुर न्यायालय परिसर एवं पुलिस लाइन गेट को बम से उड़ाने की धमकी दिया गया ताकि पुलिस उन सभी लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दे और इसका बदला पूरा हो सके। विशाल पुलिस कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का पेड वर्जन प्रयोग करता था। इसके साथ ही अलग अलग लोगों से वाइफाई कनेक्शन का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपाने का प्रयास करता था। पहचान छिपाने के लिए विशाल अक्सर प्राक्सी मेल का भी इस्तेमाल करता था।

## युवक ने 14 सेकंड में 8 राउंड फायरिंग की,

**सहारनपुर, 22 फरवरी (एजेंसी)।** सहारनपुर में एक युवक ने बोलेरो पर बैठकर पिस्टल से फायरिंग की। उसने महज 14 सेकेंड में एक के बाद एक 8 गोलियां दागी। आरोपी युवक ने खुद फायरिंग का वीडियो शूट कराया। फिर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। युवक पहले गाड़ी की छत पर बैठकर पिस्टल से 4 राउंड फायर करता है। फिर वह नीचे उतरकर 2 और फायर करता है। फिर राइफल से भी 2 फायर करता हुआ नजर आया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना बेहट क्षेत्र की बताई जा रही है।

**पिस्टल से 4 और राइफल से 2 गोलियां दागीं, गाड़ी की छत पर बैठकर बनाई रील**

## सुपर-8 में साउथ अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हराया

**अहमदाबाद, 22 फरवरी (एजेंसी)।** डिफेंडिंग चैंपियन भारत को टी-20 वर्ल्ड कप के तीसरे सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका के 76 रन की करारी हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की सबसे बड़ी हार है। टीम टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार 12 मैच जीतने के बाद हारी है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके। केशव महाराज ने 3 विकेट लिए। कॉर्बिन बॉश को 2 और ऐडन मार्करम को एक विकेट मिला। शिवम दुबे ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। इससे पहले साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने 35 बॉल पर 63 रन बनाए।

## इंग्लैंड 51 रन से जीता:श्रीलंका 95 रन पर ऑलआउट

**कोलंबो, 22 फरवरी (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के दूसरे सुपर-8 मैच में श्रीलंका को 51 रन से हरा दिया। रविवार को कैंडी के पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 146 रन बनाए। ओपनर फिल सॉल्ट ने 40 गेंदों पर 62 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। विल जैक्स ने 21 रन का योगदान दिया, लेकिन बाकी बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सके। जवाब में श्रीलंका की शुरूआत खराब रही और टीम 16.4 ओवर में 95 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान दसुन शनाका ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए विल जैक्स ने 3 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद और लियम डॉसन ने 2-2 विकेट चटकाए।




**श्री गणेश बहावलपुर सभा (रजि०)**

**भारतीय भवन, रामलीला मैदान, हरिद्वार**

**स्थानीय रजिस्टर्ड कार्यालय : 504 दक्षिणी सिविल लाईन,**

**श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर नानूपुरी, मेरठ रोड़, मुजफ्फरनगर**

**विज्ञप्ति चुनावी सूचना**

श्री गणेश बहावलपुर सभा (रजि०) के सर्व सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026 से 2029 समय अवधि के स्थानीय मण्डल के सदस्यों के चुनाव हेतु चुनावी कार्यक्रम निम्न प्रकार से है। कृपया सभी सदस्यगण आजीवन एवं साधारण निम्न कार्यक्रमानुसार उपस्थित होकर स्थानीय मण्डल सदस्यों के चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लें तथा सुचारू रूप से समयानुसार चुनाव सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें। सभी सदस्यों को निजी तौर से भी सूचित करने का प्रयास किया जा रहा है। नोट– पर्चा दाखिल करते समय अपने प्रस्तावक व अनुमोदक को साथ अवश्य लायें तथा फोटो स्टेट आधार कार्ड और दो फोटो साथ में लाये। **स्थान** – श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, 504 सिविल लाईन दक्षिणी, नानूपुरी, मुजफ्फरनगर।

**चुनावी कार्यक्रम :-**

**पर्चा भरकर देने का समय** – 27-02-2026 शुक्रवार समय सायं 4-5 बजे तक।
**पर्चा वापसी** – 28-02-2026 शनिवार समय दोपहर 2-3 बजे तक।
**जांच** – 28-02-2026 शनिवार सायं 3-4 बजे तक।
चुनाव आवश्यकतानुसार – 28-02-2026 शनिवार समय 4-5 बजे तक।
जलपान – 28-02-2026 शनिवार चुनाव के तत्पश्चात।

दिनांक 21-02-2026

**ललित कुमार शर्मा (एड०)**
स्थानीय चुनाव अधिकारी जनपद मुजफ्फरनगर

नोट : कृपया आधार की फोटो कॉपी एवं एक फोटो लाना अति आवश्यक है।

## जिला सहकारी बैंक लि. मुजफ्फरनगर में नाबार्ड का वार्षिक ऑडिट सम्पन्न



मुजफ्फरनगर, 22 फरवरी (बु.)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के दो शीर्ष अधिकारियों द्वारा 31 मार्च 2025 की वित्तीय स्थिति के सन्दर्भ में 23 दिनों तक जिला सहकरी बैंक लि., मुजफ्फरनगर का विस्तृत ऑडिट किया गया, जिसमें बैंककारी विनिमय अधिनियम 1949 मे वर्णित व्यवस्था एवं नियमों व शर्तो की कसौटी पर बैंक की वास्तविक स्थिति की गहन समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त अंशपूजी, निक्षेप, पूंजी पर्याप्ता अनुपात, सीआरआर/एसएसआर, एपीए, लाभ/हानि, ऋण एवं अग्रिम ओवरडयू, इम्बैलेन्स, बैंक में प्रचलित आन्तरिक जांच एवं नियन्त्रण प्रणाली, पूर्व निरीक्षणों में इंगित कमियों के परिपालन तथा नॉनबैंकिंग व्यवसाय की स्थिति की जांच-पड़ताल की गई। निरीक्षण के अन्तिम दिन कल दिनांक 20 फरवरी 2026 को नाबार्ड के निरीक्षण अधिकारियों द्वारा बैंक पूरे संचालक मण्डल के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे बैंक सभापति ठा. रामनाथ सिंह, उपसभापति मुकेश कुमार जैन तथा संचालकगण राजू अहलावत, अमित चौधरी, ब्रिजेन्द्र सिंह मलिक, दिनेश कुमार, सुनीता देवी, अनार सिंह, आशीष चौधरी, संजीव कुमार, तथा पंकज पाल उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजेश कुमार तथा उपमहाप्रबन्धक श्रीश वर्मा एवं राजीव कुमार चौधरी ने भी बैठक में भाग लिया। नाबार्ड अधिकारियों द्वारा बैंक संचालक मण्डल व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान पाई गई मुख्य जानकारियां साझा की गई। बैंक की वित्तीय स्थिति, रिकार्ड के रखरखाव एवं दैनिक बैंकिंग कार्यो के सम्पादन में प्रयुक्त कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए नाबार्ड की टीम ने कई महत्पवूर्ण सुझाव भी दिये, जिससे बैंक के कामकाज में और सुधार किया जा सके। सभापति ठा. रामनाथ सिंह द्वारा संचालक मण्डल की ओर से नाबार्ड अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए उनके सुझावों पर अमल का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के सम्बन्ध मे औपचारिक रिपोर्ट नाबार्ड मुख्यालय से जारी की जायेगी।

## पीएम रैली से पहले विपक्षी नेता हाउस अरेस्ट:मेरठ में समस्या बताने जा रहे थे, प्रशासन ने रोका

**मेरठ, 22 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री की मेरठ रैली से पहले कई विपक्षी नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। इन नेताओं का कहना था कि वे प्रधानमंत्री से मिलकर अपनी समस्याएं और ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। महानगर अध्यक्ष शैंकी वर्मा ने बताया कि वे सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों की ओर से काले कपड़े पहनकर प्रधानमंत्री को शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से ज्ञापन सौंपना चाहते थे। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया और कहा कि आवाज दबने के बजाय और बुलंद होती रहेगी। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता चतर सिंह जाटव ने भी प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने की बात कही। उनके ज्ञापन में उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न और अत्याचारों पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया गया था। अधिवताओं को भी उनसे मिलने का समय नहीं दिया गया।

## आगामी त्योहारों को लेकर एसडीएम सदर व सीओ सदर ने की शांति समिति की बैठक



**चरथावल, 22 फरवरी (बु.)।** थाना परिसर में आगामी होली, ईद-उल-फितर व अन्य पर्वो को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी व सीओ सदर डॉ. रविशंकर ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया भी मौजूद रहे। बैठक में सीओ सदर डॉ. रविशंकर ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। किसी भी सूचना को आगे बढ़ाने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य कर लें। एसडीएम सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि सभी धार्मिक कार्यक्रम पारंपरिक ढंग से एवं प्रशासन की अनुमति के अनुसार ही आयोजित किए जाएं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और नियमित गश्त की जाएगी। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन मास्टर इस्लामुद्दीन, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गर्ग, मनीष गर्ग, अजय वर्मा, कुटेसरा प्रधान नय्यूम त्यागी, सैदपुरा प्रधान कामिल व सत्तार प्रधान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## बस स्टैंड से युवक की बाइक चोरी

**चरथावल, 22 फरवरी (बु.)।** चरथावल कस्बे में बस स्टैंड से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। महाबलीपुर निवासी अमरजीत सिंह की स्प्लेंडर प्लस बाइक 22 फरवरी 2026 को चोरी हुई, जब उन्होंने इसे बस स्टैंड के पास खड़ा किया था। अमरजीत सिंह किसी काम से चरथावल बस स्टैंड आए थे। कुछ देर बाद जब वे लौटे, तो उनकी बाइक मौके से गायब मिली। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़ित अमरजीत सिंह ने चरथावल थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता है। नागरिकों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और ऐसी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

## यूपी-दिल्ली में 250 कार चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

### - फॉर्च्यूनर 4 लाख और स्कॉर्पियो 3 लाख में बेचते थे, गाजियाबाद में 2 गिरफ्तार

**गाजियाबाद, 22 फरवरी (एजेंसी)।** गाजियाबाद की स्वाट टीम और मोदीनगर पुलिस ने लग्जरी गाड़ियों की चोरी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह में 20 से अधिक लोग शामिल हैं और यह गैंग अब तक 250 से ज्यादा कारें चोरी कर यूपी, दिल्ली और हरियाणा में बेच चुका है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों के पास से स्कॉर्पियो समेत तीन कारें बरामद की गई हैं। गिरोह के सदस्य फर्जी नंबर प्लेट और फर्जी आरसी तैयार कर वाहनों को बेचते थे। गिरफ्तार दोनों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपी हरेंद्र उर्फ हनी ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से मेरठ का रहने वाला है और वर्तमान में दिल्ली के खजूरी खास में किराये के मकान में रहकर वाहन चोरों का गैंग चलाता था। वर्ष 2014 में थाना इंदिरापुरम, गाजियाबाद क्षेत्र में रेड लाइट पर खड़ी गाड़ियों से मोबाइल चोरी के मामले में वह जेल जा चुका है। उस समय वह ठकठक गैंग के साथ मिलकर कई बड़ी वारदातों में शामिल रहा। जेल से छूटने के बाद वह सोतीगंज, मेरठ निवासी गोल्डी सरदार के यहां 12 हजार रुपये प्रतिमाह पर ड्राइवर का काम करने लगा। इसी दौरान उसकी दोस्ती जीतू, उमरदराज और मेहराज (मकबरा डिग्गी, मेरठ) से हुई और इनके साथ मिलकर चार पहिया वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल हो गया। इस मामले में वह थाना परतापुर, मेरठ से भी जेल जा चुका है।

आरोपी ने बताया कि वर्ष 2021 में कोतवाली देहात, बुलंदशहर से अपने गैंग के साथ गिरफ्तार होकर जेल गया था। जेल से छूटने के बाद वह फिर सक्रिय हो गया और गाजियाबाद व दिल्ली के कई थानों से वाहन चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। साल 2025 में थाना इंदिरापुरम से फॉर्च्यूनर चोरी के मामले में जेल जाने के बाद वह जमानत पर बाहर आया था। जमानत पर आने के बाद उसने मोदीनगर क्षेत्र से स्कॉर्पियो-एन चोरी की और दिल्ली के रोहिणी, सागरपुर और मॉडल टाउन समेत कई इलाकों में साथियों के साथ लगातार चार पहिया वाहन चोरी की वारदातें कीं। बरामद स्कॉर्पियो-एन को सागरपुर, दिल्ली और आई-20 को मॉडल टाउन, दिल्ली से चोरी करना स्वीकार किया है। मोदीनगर से चोरी स्कॉर्पियो-एन को राजस्थान में बेचा गया था। दूसरे आरोपी अमित चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह चोरी की कारों को गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली में सप्लाई करता था। उसने पिछले पांच वर्षों में 50 से अधिक गाड़ियां इन राज्यों में बेची हैं। दोनों आरोपियों ने बताया कि बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ, पानीपत, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में उनका संगठित गिरोह सक्रिय है।

वे चोरी के वाहनों की नंबर प्लेट उतारकर फेंक देते थे और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाड़ियों को आगे बेच देते थे ताकि पुलिस से बच सकें। 18 फरवरी को महताब उर्फ बच्चा और शमीम को सिहानी गेट पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। गिरोह फॉर्च्यूनर कार को करीब 4 लाख रुपये, स्कॉर्पियो को 3 लाख रुपये और हुंडई व मारुति की कारों को करीब 60 हजार रुपये में राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली में बेचता था। चोरी की गाड़ियों से मिलने वाली रकम को गैंग के सदस्य आपस में बराबर बांट लेते थे। पिछले 10 वर्षों में यह गिरोह 250 से अधिक कारें बेच चुका है। गिरफ्तार आरोपी हरेंद्र उर्फ हनी गुर्जर पुत्र कृष्णपाल, हाल निवासी खजूरी खास थाना खजूरी, दिल्ली (मूल निवासी गांव किनौनी, थाना रोहटा, मेरठ) है। दूसरा आरोपी अमित चौधरी पुत्र राजबीर सिंह, ड्रीम सिटी थाना कंकरखेड़ा, मेरठ में किराये पर रहता है (मूल निवासी लावड़ थाना इंचौली, मेरठ)। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक स्कॉर्पियो, एक आई-20 और एक ब्रेजा कार के साथ नकली दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

